कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, झालावाड़

क्रमांक / लेखा / कम्प्यूटर / 2026–27 / 5946 / 440 दिनांक 16.10.2026

निविदा सूचना सं. 02 / 2026–27

जिले में नव सृजित न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायालय मनोहरथाना जिला झालावाड़ के लिए कम्प्यूटर मय यूपीएस एवं प्रिन्टर (04 नग) के लिए कुल मूल्य 2,80,000 / – (दो लाख अस्सी हजार रू0) है। क्रय करने के सम्बन्ध में मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 16.10.2026 से दिनांक 30.10.2026 तक कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क 200 रूपये नकद जमा करा कर सहायक नाजिर से क्रय किया जा सकेगा, जिसे दिनांक 30.10.2026 को दोपहर 1 तक कार्यालय लेखा शाखा से प्राप्त कर दोपहर 3.00 बजे तक कार्यालय में जमा करवाया जा सकेगा। प्राप्त निविदाएं दिनांक 30.10.2026 को सांय 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्तों का विस्तृत विवरण राज.सरकार की Website-sppp.rajasthan.gov.in तथा विभाग की वेबसाईट http://districts.ecourts.gov.in/jhalawar पर भी देखा जा सकेगा तथा कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है।

Sd/–

अध्यक्ष (क्रय समिति)
जिला एवं सैशन न्यायाधीश
झालावाड़

क्रमांक / लेखा / कम्प्यूटर / 2026–27 / 5947–5955 दिनांकः 16.10.2026

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. स्थानीय संपादक दैनिक भास्कर, झालावाड़ को प्रकाशनार्थ (कोटा संस्करण हेतु)
2. श्रीमान् जिला एवं सैशन न्यायाधीश, कोटा / बारां / बूँदी।
3. सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, झालावाड़
4. सहायक नाजिर कार्यालय हाजा।
5. नोटिस बोर्ड कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम आफिसर कार्यालय हाजा वास्ते अपलोड करने Website-sppp.rajasthan.gov.in तथा http://districts.ecourts.gov.in/jhalawar
7. ..... आदेश पत्रावली

अध्यक्ष (क्रय समिति)
जिला एवं सैशन न्यायाधीश
झालावाड़

कार्यालय– जिला एवं सैशन न्यायाधीश, झालावाड़ (राज)

निविदा सूचना सं0 02/2026–27 दिनांक 16.10.2026 मूल्य 200 रूपये

निविदा प्रपत्र सं. .....

निविदा प्राप्ति दिनांक 16.10.26 से 30.10.26 तक समय 1 पी.एम. तक
जमा करने की तिथि 30.10.26 समय 03 पी.एम. तक
निविदा खोलने की दिनांक 30.10.26 समय सांय 4.00 बजे

–' निविदा प्रपत्र '–

1–निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/कम्पनी का नाम व डाक का पूरा पता– .....
.....
.....
.....

मोबाईल नं0 ..... फोन नं. ..... ई–मेल आई डी .....

2–निविदा शुल्क की राशि रूपये 200/– नकद, रसीद सं.....दिनांक .....
जमा करा दी गयी है।

3– हम उक्त निविदा सूचना में तथा संलग्न शीट में दी गयी उक्त निविदा सूचना की अतिरिक्त शर्तो से बाध्य होना स्वीकार करते है। इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने का प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिये है।

4–निम्नलिखित कम्प्यूटर मय प्रिन्टर की सप्लाई (आपूर्ति) के लिए दरें निम्न प्रकार से होंगी तथा प्रदाय किये जाने वाले कम्पयूटर मय प्रिन्टर की सप्लाई (आपूर्ति) की मात्रा प्रत्येक के सामने अंकित की गई है'

5–फर्म द्वारा आदेश प्राप्त करने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर सामग्री की सुपुर्दगी कर दी जावेगी।

क्र. सं.	नाम सामग्री	विशिष्टियां	दर (रूपये) जीएसटी सहित	अन्य विवरण
1	2	3	4	5
1	Computer, Printer With UPS (04)	• AIO Computer (04) Dell / HP/ Acer/ Lenovo/ etc. Display 23.8 inch FHD All in one Computer (intel core) i3/ Latest Generation RAM 08 GB, SSD 512 GB/01TB, Inbuilt Web camera, Microphone USB 3.0x2 USB 2.0x2, HDMI PORT, 1xAudio Combo. LINUX / UBUNTU SUPPORTED Onside Min. ONE Year Warranty.	2,80,000/–	

		• Printer (01) HP / Canon/Acer etc. Multifunction Printer Print/Scan/Copy/etc. Monochrome Multifunction Laser Jet Printer Duplex Print (Automatic) Leaser Jet, ADF Duplex Scan Automatic, Speed 20-36 PPM or MAX, wireless print Legal, A4, Memory Min.512 (MB) SUPPORTED LINUX / UBUNTU, • Printer (03) HP / Canon/Acer etc. Monochrome Leaser Jet Printer Duplex Print (Automatic) Leaser Jet, Speed 20-36 PPM or MAX print Legal, A4, SUPPORTED LINUX / UBUNTU, Onside Min. ONE Year Warranty.		
		• UPS (04) Functions Zebronices / i-ball (01KW / 600VA)		

6 –धरोहर राशि के .....रूपये डिमान्ड ड्राफ्ट सं..... दिनांक .. .. जो .....बैंक पर आधारित किया गया है, अदा कर दी गई है।

7–इसके साथ स्थायी आयकर खाता संख्या पेन नम्बर .....एवं जी एस टी सं..... बैंक खाता संख्या ....

.....व GST चुकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे।

8–विनिर्माता/डीलर आदि का घोषणा पत्र भी संलग्न किया जाता है (संलग्न एस.आर.11 प्रपत्र)

9– उक्त वर्णित निविदा सूचना की सभी शर्तो के अध्यधीन आपूर्ति करने के लिए हम बाध्य होना स्वीकार करते है।

निविदा दाता के हस्ताक्षर

फर्म का पता मय दिनांक

– निविदा की शर्तें –

01- निविदा जारी करने वाले का नाम एवं निविदा का विवरण

➢ अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायाधीश झालावाड़ फोन नं 07432–230405
दूरभाष नं 07432–232136 ई.मेल – dc-jha-rj@nic.in

➢ निविदाएं मोहरबन्द लिफाफे में समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रारूप में भरकर अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायाधीश झालावाड़ के नाम से दिनांक 30.10.2026 को दोपहर 3 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त हो जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 30.10.2026 अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। अन्तिम तिथि के पश्चात प्राप्त निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

➢ निविदा प्रपत्र साफ सुथरे अक्षरों में हस्तलिखित अथवा टाईप किया गया हो तथा उसमें वर्णित सभी शर्तों को पूर्ण रूप से पढ़ लेने के पश्चात निविदा प्रपत्र के संलग्न सभी पृष्ठों पर फर्म की हस्ताक्षर मय मोहर होने चाहिए।

➢ निविदादाता द्वारा सप्लाई की जाने वाली वस्तुओं सामान का मैक ब्राण्ड का नाम मॉडल यदि हो तो, ब्राण्ड का विवरण स्पष्ट रूप से दिया जाना अति आवश्यक होगा।

02. अमानत राशि / प्रतिभूति राशि

➢ निविदादाता को निविदा की राशि का 2 प्रतिशत का डिमाण्ड ड्राफ्ट अमानत राशि के रूप में जो कि जिला एवं सेशन न्यायाधीश झालावाड़ के नाम से देय हो निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

➢ सफल निविदादाता को सप्लाई आदेश प्राप्ति के पश्चात 7 दिवस के भीतर.भीतर सप्लाई आदेश की राशि का 5 प्रतिशत राशि प्रतिभूति के रूप में जमा करनी होगी जिसको पूर्व में जमा 2 प्रतिशत जमानत राशि में समायोजन किया जा सकेगा।

➢ यदि कोई निविदा प्रपत्र बिना धरोहर राशि के अथवा निर्धारित जमानत राशि से कम का पाया जाता है तो उसे बिना कारण बताये अस्वीकार किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास होगा।

➢ सभी असफल निविदादाताओं को उनके द्वारा जमा अमानत राशि सफल निविदादाता द्वारा सप्लाई किये जाने के पश्चात लौटा दी जावेगी तथा इसके लिये किसी प्रकार का ब्याज इत्यादि देय नहीं होगा।

03. दरें मूल्य

➢ निविदा प्रपत्र में दरें भारतीय रुपये में लिखी होनी चाहिए वर्णित दरें समस्त शुल्क सिक्योरिटी जीएसटी इत्यादि के सहित FOR. स्टोर ADJ Court Manoharthana, Jhalawar होना चाहिए।

➢ दरें कम से कम एक वर्ष की अवधि तक मान्य होनी चाहिए। निविदादाता दरों में उतार चढ़ाव या किसी भी अन्य कारण से हुए नुकसान के लिये दावा नहीं कर सकेगा।

➢ निविदा प्रपत्र में अंकों एवं शब्दों में भरी गई राशि में असमानता होने पर शब्दों में भरी गई राशि पर ही विचार किया जायेगा।

➢ दरों में काट छांट होने पर अपने लघु हस्ताक्षर करके दरें अलग से स्पष्ट रूप से लिखनी होंगी। दरें अंकों व शब्दों दोनों में लिखी होंगी।

➢ सफल निविदादाता द्वारा सप्लाई आदेश पूर्ण नहीं करने पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जायेगा।

➢ अधोहस्ताक्षरकर्ता सबसे कम मूल्य वाली निविदा को स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं है। साथ ही वह निविदादाता को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व ही पूर्ण अथवा आंशिक रूप से समाप्त करने की घोषणा कर सकता है।

➢ सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायाधीश झालावाड़ के पक्ष में सुरक्षित रहेगा तथा वह एक प्रकार की सामग्री के लिये एक से अधिक निविदादाता को सप्लाई आदेश देने के लिये स्वतंत्र होगा।

➢ अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायाधीश झालावाड़ उक्त निविदा के सफलतापूर्वक सम्पादन हेतु किसी भी प्रकार के बदलाव के लिये स्वतंत्र होगा।

04. जुर्माना

➢ सफल निविदादाता द्वारा सप्लाई आदेश पूर्ण नहीं करने पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जायेगा।

➢ अधोहस्ताक्षरकर्ता सबसे कम मूल्य वाली निविदा को स्वीकार करने के लिये बाध्य नहीं है तथा वह निविदादाता को लिखित रूप से समाप्ति के पहले ही पूर्ण अथवा आंशिक रूप से समाप्त करने की घोषणा कर सकता है।

➢ सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायाधीश झालावाड़ के पक्ष में सुरक्षित रहेगा तथा वह एक प्रकार की सामग्री के लिये एक से अधिक निविदादाता को सप्लाई आदेश देने के लिये स्वतंत्र होगा।

➢ अध्यक्ष क्रय समिति जिला एवं सेशन न्यायाधीश झालावाड़ उक्त निविदा के सफलतापूर्वक सम्पादन हेतु सप्लाई में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिये स्वतंत्र होगा।

5– गुणवत्ता और नमूना/विशिष्टियां

➢किसी भी वस्तु की गुणवत्ता के सम्बन्ध में स्थायी मानक व मापदण्ड ने होनू की दशा में उसकी सप्लाई कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाये गये विशिष्टियां अथवा क्रय समिति द्वारा दिये गये मापदण्ड के अनुसार ही होनी चाहिए। विशिष्टियां इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर ली जा सकती है।

➢निविदादाताओ को निविदा प्रपत्र में वर्णित सामग्री की विशिष्टियां इस कार्यालय मे निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा, जो कि निविदा के निस्तारण के पश्चात सम्बन्धित को लौटा दिया जायेगा।

➢सफल निविदादातओं के स्वीकृत नमूने अनुबंध समाप्ति तक कार्यालय में रोके जायेगें इनके जॉच इत्यादि अथवा अन्य कारणों से हुये नुकसान के लिये वह उनकी लागत के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का दावा नहीं सकता है।

➢कार्यालय निविदा प्रपत्र में वर्णित मात्रा में कम या अधिक में सप्लाई आदेश दे सकता है। इसके लिये निविदादाता किसी भी प्रकार का दावा करने के लिये हकदार नही होगा।

7. निविदा का अनुबन्ध एवं सामान्य शर्ते

➢सफल निविदादाता को सप्लाई आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर निर्धारित राशि के नॉन ज्यूडिशल स्टाम्प पर कार्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में अनुबन्ध–पत्र भरकर प्रस्तुत करना होगा। इसका व्यय सम्बन्धित निविदादाता द्वारा ही वहन किया जायेगा।

➢सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। वार्षिक अनुबन्ध पर ली जाने वाली सामग्री की स्वीकृत दरें एक वर्ष (सप्लाई आदेश जारी होने की तिथि से एक वर्ष) के लिये मान्य होगी।

➢सफल निविदादाता को सप्लाई आदेश में वर्णित सामान/आइटम्स की सप्लाई कार्यालय अपर जिला एवं सेशन न्यायालय मनोहरथाना जिला झालावाड अथवा इस कार्यालय द्वारा चाहे गये निर्दिष्टि स्थान (चाहे वह भवन का प्रथम तल या अन्य कोई स्थान हो) पर करने की समस्त जिम्मेदारी होगी। जिसकी राशि का वहन भी सफल निविदा दाता को ही करना होगा।

➢सफल निविदादाता को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके द्वारा सप्लाई की गई सामग्री कार्यालय द्वारा स्वीकृत किये नमूने अनुसार ही हो तथा माल डुप्लीकेट/अन्य ब्राण्ड या मेक का होने की स्थिति में वस्तु की खरीद द्वितीय न्यनूतम निविदादाता या स्थानीय बाजार से क्रय कर अन्तर की राशि सफल निविदादाता से वसूल किया जायेगा।

➢भुगतान हेतु विपत्र तीन प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा तथा भुगतान की कार्यवाही सप्लाई के भौतिक रूप से सत्यापित हो जाने के पश्चात ही किया जायेगा।

➢विपत्रों का भुगतान केवल ECS के माध्यम से किया जायेगा तथा इस हेतु निविदादाता को वांछित सूचना जैसे– PAN No. GST No. Name of Bank Branch, IFSC Code, MICR Code, etc. उपलब्ध करवानी होगी। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की सूचना कम अथवा गलत पाये जाने पर होने वाली देरी अथवा नुकसान की जिम्मेदारी इस कार्यालय की नहीं होगी।

➢कार्यालय निविदाप्रपत्र में भर गये सभी तथ्यों एवं उसके संलग्न दस्तावेजो के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की त्रुटि/जालसाजी पाये जाने पर उसे निविदा अनुबन्ध का उल्लंघन मानते हुये आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

➢सफल निविदादाता किसी भी परिस्थिति में सप्लाई आदेश की आपूर्ति किसी अन्य फर्म से करवाता है तो कार्यालय बिना कोई नोटिस इत्यादि दिये उक्त अनुबन्ध को समाप्त कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

➢कर, जी.एस.टी., पैकिंग, अग्रेषण, भाड़ा, बीमा, लदान और उतराई, प्रवेश कर, डेमो इत्यादि सभी प्रकार के शुल्क निविदादाता द्वारा ही वहन किया जायेगा।

➢कार्यालय द्वारा निविदा प्रपत्र में वर्णित दरों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा।

➢मैनें/हमनें उक्त वर्णित नियमों एवं शर्तो को अच्छी तरह से पढ़ लिया है तथा मै/हम उक्त नियम और शर्तो से पूर्णतया सहमत है। इस सम्बन्ध में भविष्य में किसी भी प्रकार के होने वाले विवाद के लिये मैं/हम स्वयं जिम्मेदार होंगे।

दिनांक:

स्थान:

हस्ताक्षर निविदादाता

मय पता सील मोहर